हिमाचल प्रदेश में स्थित आई.टी.आई. में ऑनलाइन दाखिला सत्र (2016–2017)

तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा राज्य के सरकारी आई0टी0आई0 में सत्र 2016–2017 के दाखिले हेतु ऑनलाइन पंजीकरण आरम्भ हो गया है। ऑनलाइन पंजीकरण एवं काउंसलिंग के लिए वेब पोर्टल http://hptsb.onlineadmission.net/OLAHPTSB/, पर आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक 08.06.2016 से प्रारम्भ की जा चुकी है। प्रवेश हेतु अधिक जानकारी के लिए निकटतम राजकीय आई.टी.आई. / पॉलिटैकनिक या विभागीय कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

–:मुख्य विशेषताएं:–

- उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से अपनी पसंद के अनुसार एक से अधिक आई.टी.आई में एक फार्म द्वारा आवेदन कर सकते हैं।
- आई.टी.आई. में चल रहे सभी ट्रेड/कोर्स ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए उपलब्ध करवाए गए हैं।
- आवेदन करने की प्रक्रिया को समझने के लिए नियम, शर्तें एवं निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
- उम्मीदवार काउंसलिंग फीस चालान के द्वारा स्टेट बैंक ऑफ पटियाला की किसी भी शाखा द्वारा एवं नैट बैंकिंग द्वारा जमा करवा सकता है।
- दाखिले हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग के कुल पांच राउंड एवं एक सपॉट राउंड है।
- चौथे राउंड से नए एवं अन्य राज्यों के आवेदक प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं।
- राज्य में 108 राजकीय आई.टी.आई., 10 स्टेट आफ द आर्ट आई.टी.आई. हैं, जिनमें सत्र 2016–17 में दाखिले हेतु 54 ट्रेड उपलब्ध हैं।
- सभी ट्रेडों की 30% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।
- राजकीय आई.टी.आई. में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं से सब्सीडाइजड सीटों के विरूद्ध ट्यूशन फीस नहीं ली जाती है।
- आवेदक अपनी Choice Preferences भरना सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक राउंड में Revise करना भी सुनिश्चित करें।
- हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने अधिसूचना संख्या क्रमांक हि.शि.बो (2) सामान्य/208/समकक्षता/मद 22(2)/2015–3920–3933 दिनांक 30.06.2015 के द्वारा आई0टी0आई0 दो वर्षीय व्यवसायों के प्रशिक्षणार्थियों के लिए 10+2 की समकक्षता का प्रावधान किया है।*
- प्रवेश सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए Toll Free No. 1800-180-8027 पर प्रतिदिन प्रातः 10:00 से शाम 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

*अधिसूचना में दी गई शर्तों के अनुसार (अधिसूचना हि0प्र0स्कू0शि0बोर्ड की वैब साइट पर उपलब्ध है)।

निदेशालय, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर